# हरियाणा विधान सभा

## शुक्रवार, 4 मार्च, 2022

## को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले

## तारांकित प्रश्न

### सड़कों का निर्माण

***1502. श्री लीला राम , एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या कैथल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित सड़कों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

i) गांव मानस से अटेला;

ii) कैथल ड्रेन पर से जींद सड़क से खानौरी सड़क;

iii) हांसी बुटाना नहर ट्रेक सड़क से अम्बाला सड़क से कुरूक्षेत्र सड़क;

iv) गांव क्योडक से कैथल माईनर ट्रेक पर कैथल शहर;

v) गांव नौच से कुलतारन वाया दयौरा कुलतारन माईनर ट्रेक पर; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्तावों के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

..................

### राजस्व अभिलेखों में स्वामित्व की प्रविष्टियां

***1578. श्री धर्म सिंह छौक्कर, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि समालखा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव राणा माजरा से गांव सीमबलगढ़ तक यमुना नदी के साथ–साथ 42 किलोमीटर स्थित गांवों की भूमि जो नदी के बहाव के कारण नष्ट हो गई थी अब यमुना नदी में जलमार्ग के परिवर्तन के पश्चात पुनः प्राप्त हो गई है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त भूमि का कब्जा होने तथा गिरदावरी होने के बावजूद सरकार द्वारा मूल स्वामियों के स्वामित्व की प्रविष्टि राजस्व अभिलेख में नहीं की गई है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा राजस्व अभिलेख में भू–स्वामियों की प्रविष्टियां कब तक किए जाने की संभावना है ?

..................

## दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेस–वे पर निकास प्वाइंट का निर्माण करना

***1537. श्री इन्दुराज नरवाल, एम. एल. ए.** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि गोहाना, जुलाना रोड से गुजरने वाले निर्माणाधीन दिल्ली–अमृतसर–कटरा एक्सप्रेस–वे पर गोहाना–जुलाना रोड पर कोई निकास प्वाइंट नही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़क पर निकास प्वाइंट का निर्माण करने या महम के प्रवेश प्वाइंट तथा मेन सड़क पर निकास प्वाइंट तक दोनो तरफ सर्विस सड़क बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है तथा गोहना–जुलाना सड़क पर निकास प्वाइंट कब तक बनाए जाने की संभावना है ?

..................

## राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय खोलना

***1547. श्रीमती गीता भुक्कल, एम.एल.ए.:** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या राज्य में नया राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त महाविद्यालय को जिला मुख्यालय, झज्जर में कब तक खोले जाने की संभावना है ?

..................

## एकमुश्त निपटान नीति का ब्यौरा

***1654. श्री नीरज शर्मा, एम.एल.ए.:** क्या खनन एवं भू–विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य के खनन विभाग में सरकार द्वारा तैयार की गई एक मुश्त निपटान योजना का ब्यौरा क्या है ;

(ख) व्यपारियों की ओर खनन विभाग की कुल बकाया राशि कितनी है तथा एकमुश्त निपटान योजना बनाने के पश्चात् सरकार द्वारा कितनी राशि प्राप्त हुई; तथा

(ग) एकमुश्त निपटान योजना के अंतर्गत जो लाभान्वित व्यापारी है उनका जिलावार ब्यौरा क्या है ?

..................

## आई० एम० टी० खरखौदा की वर्तमान स्थिति

*1633. **श्री जयवीर सिंह, एम. एल. ए.** :– क्या उप मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि आई०एम०टी० खरखौदा की वर्तमान स्थिति क्या है?

................................

## गांवों को लाल डोरा मुक्त बनाना

***1782. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में गांवों को लाल डोरा मुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी स्थिति क्या है तथा राज्य के गांवों में अब तक सरकार द्वारा जारी की गई सम्पत्ति की आई.डी. की संख्या कितनी है; तथा

(ख) इस परियोजना में प्रभारी का ब्यौरा क्या है तथा एक जिले में इस प्रक्रिया में सम्मलित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या इस प्रक्रिया में सम्मलित व्यक्तियों को कोई प्रशिक्षण दिया गया है; यदि हां, तो उनके प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के स्थान तथा प्रशिक्षण के दिनों का ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या सरकार द्वारा आई.डी. को बनाने से पहले कोई सूचना की प्रक्रिया अपनाई गई तथा गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में अब तक सूचना दिए जाने वाले व्यक्तियों तथा उनके गांवों का ब्यौरा क्या है ?

.................

## एकत्रित बरसाती पानी की समस्या का समाधान

***1600. श्री कुलदीप वत्स, एम. एल. ए.** :– क्या मुख्यमन्त्री कृपा बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गावों देसलपुर, बुपानिया, शाहपुर, गांगरवा, सुरेहती, जगतारपुर, खुड्डन, छाप्पर, मुण्डाखेड़ा, सिलाना, सिलानी, सुबाना, अहरी, सौन्धी, जैतपुर, न्यौला, देवरखाना, बाढ़सा तथा कासनी इत्यादि में बरसाती पानी के इक्कठे होने की भारी समस्या है, जिससे पूरी फसल नष्ट हो चुकी है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए है तथा उपरोक्त समस्या के कब तक स्थायी रूप से समाधान किए जाने की संभावना है?

................................

## सड़क कारपेट करना

***1665. श्री मेवा सिंह, एम.एल.ए.:** क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या लाडवा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में जी.टी. रोड से बबैन सड़क तक सड़क को कारपेट करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक कारपेट किए जाने की संभावना है ?

....................

## ट्रामा सेन्टर/100 बैडों का अस्पताल स्थापित करना

***1491. श्री शमशेर सिंह गोगी, एम.एल.ए.:** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि करनाल–जींद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रामा सेन्टर/100 बैडों का अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

..................

## राज्य में कुल एकड़ कृषि भूमि

***1552. श्री सत्य प्रकाश जरावता, एम.एल.ए.:** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) राज्य में कुल कितने एकड़ कृषि भूमि उपलब्ध है;

(ख) राज्य में कुल कितने किसान है;

(ग) राज्य में अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले किसानों की संख्या कितनी है; तथा

(घ) राज्य में अनुसूचित जाति के किसानों के पास कुल कितनी एकड़ कृषि भूमि है ?

..................

## नगर निगम गुरूग्राम में राजस्व का ब्यौरा

***1531. श्री राकेश दौलताबाद, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या गुरूग्राम नगर निगम ने अपने राजस्व से निधियों का उपयोग करने की बजाय पिछले 2—3 वर्षों में पूंजीगत या परिचालन व्यय के लिए 400 करोड़ से अधिक की अपनी सावधि जमा पूंजी का उपयोग कर लिया है;

(ख) डी.पी.आर. या सर्वे रिपोर्ट या कोई आधिकारिक डेटा के अनुसार एम.सी.जी. (नगर निगम गुरूग्राम ) क्षेत्र में वार्षिक विज्ञापन राजस्व क्षमता कितनी है;

(ग) डी.पी.आर. या सर्वे रिपोर्ट या कोई आधिकारिक डेटा के अनुसार एम.सी.जी. (नगर निगम गुरूग्राम ) क्षेत्र में संपत्ति कर राजस्व क्षमता कितनी है;

(घ) एम.सी.जी. (नगर निगम गुरूग्राम) क्षेत्र में कुल वार्षिक एन.आर.डब्लयू (गैर राजस्व जल) कितना है तथा इस एन.आर.डब्लयू (गैर राजस्व जल) के कारण राजस्व की कितनी हानि हुई है; तथा

(ड) एम.सी.जी. (नगर निगम गुरूग्राम) के बकाया भुगतान का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है ?

..................

## आई.टी.आई. का निर्माण कार्य

***1605. श्री जोगी राम सिहाग, एम. एल. ए.** :— क्या कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मन्त्री कृपया बताएंगे कि गांव बाटोपत्ती में आई०टी०आई० के निर्माण कार्य को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है?

................................

## स्ट्रीट लाईटों का बदलना

*1775. **श्रीमती शैली चौधरी, एम.एल.ए.:** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि नारायणगढ़ शहर में अधिकतर स्ट्रीट लाईटें खराब हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो नारायणगढ़ में उपरोक्त स्ट्रीट लाईटों कब तक बदले जाने की संभावना है ?

.....................

## पीने के पानी की आपूर्ति पाइप लाइन का कार्य पूरा करना

*1627. **श्री घनश्याम सर्राफ, एम. एल. ए.** :– क्या मुख्यमन्त्री कृपा बताएंगे कि भिवानी में रेलवे क्रॉसिंग से बाहर राजीव कालोनी, पिपली वाली कालोनी में पीने के पानी की पाइप लाईन कब तक बिछाए जाने की संभावना है?

.................................

## पावर सब–स्टेशन स्थापित करना

*1772. **श्री प्रमोद कुमार विज, एम.एल.ए.:** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या पानीपत शहर में बिजली सब स्टेशनों स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में अत्याधिक उद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए बिजली की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है;

(ग) क्या पानीपत में पावर सब स्टेशनों को स्थापित करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा जमीन आबंटित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) पानीपत शहर में बिजली कंडक्टरों को कब तक बदले जाने की संभावना है ?

................

### एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1745. **श्री रामकरण, एम. एल. ए.** :– क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपा बताएंगे कि शाहबाद विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के त्यौड़ा में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

..................................

### हांसी उप मण्डल का दर्जा जिले के रूप में बढ़ाना

*1518. **श्री रामकुमार गौतम, एम.एल.ए.:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में नए जिलों या प्रशासनिक इकाइयों का गठन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो क्या हांसी को उप–मण्डल से जिले के रूप में बढाए जाने की संभावना है तथा इसके कब तक बढाए जाने की संभावना है ?

..................

### अधिकारियों की ए.सी.आर. ग्रेडिंग के संबंध में विधायकों की सहमति लेना

*1544. **श्री असीम गोयल नन्यौला, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या विधायिका को मजबूत करने के लिए सरकारी अधिकारियों की ए.सी.आर. की ग्रेडिंग के संबंध में विधायकों की सहमति लेने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

..................

## बरसाती पानी एकत्रित होने की समस्या का समाधान करना

***1550. श्री सोमबीर सांगवान, एम.एल.ए.:** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि दादरी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों इमलोटा, बिगोवा, मोरवाला, भागवी, कनहेटी, आचिनाताल, लोहरवाड़ा, समसपुर, खातीवास, मिर्च, जयश्री, भागेश्वरी, घिकाडा, चरखी, पनडवान, बीरही खुर्द तथा बरसाना में बरसाती पानी एकत्रित होने की समस्या है; यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

..................

चण्डीगढ़:
26 फरवरी, 2022.

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।